प्रेषक,

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण/ई-मेल

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

संख्या : प्राशिप/अनु03/2024/10300 **लखनऊ : दिनांक 22/03/2024**

विषयः-विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2023 के परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा दिसम्बर 2023 का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 22/03/2024 को आहूत परीक्षा समिति की बैठक निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मा0 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मिति से परीक्षा परिणाम का अवलोकनोपरान्त दिनांक 22/03/2024 को परीक्षा परिणाम समिति की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु संस्तुति प्रदान की गयी।

उक्त अनुमोदनोपरान्त दिनांक 22/03/2024 को उत्तर प्रदेश शासन में आहूत परीक्षा परिणाम समिति की बैठक अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ/प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा दिसम्बर 2023 के परीक्षा परिणाम को घोषित किये जाने हेतु सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया।

उक्त के दृष्टिगत विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा दिसम्बर 2023 के परीक्षा परिणाम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर लिंक उपलब्ध है। छात्र/छात्रा परीक्षा परिणाम Enrollment N0. एवं जन्मतिथि की सहायता से देख सकते हैं। अतः आपसे अपेक्षा है कि अपने स्तर से छात्र/छात्राओं को उपरोक्तानुसार सूचित करने का कष्ट करें तथा उक्त सूचना संस्था के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करना सुनिश्चित करें।

यह भी अवगत कराना है कि उक्त परीक्षा की लिखित उत्तरपुस्तिकाओं में मोबाइल नं0 अंकित करने वाले 3175 परीक्षार्थियों के संबंधित विषय में परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुक्रम में शून्य अंक प्रदान करते हुए परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0 सं0 : प्राशिप/अनु03/2024/10301-04 **तद् दिनांक 22/03/2024**

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग को इस निर्देश के साथ कि विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा दिसम्बर 2023 के परीक्षा परिणाम हेतु परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर लिंक प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

Studycoach91